# 123 वां वार्षिक अधिवेशन

## - रिपोर्ट -

दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्कन्टाइल एसोसिएशन का 123 वां वार्षिक अधिवेशन बृहस्पतिवार दिनांक 11 अगस्त, 2016 को सांयकाल निगम रंगशाला टाउन हॉल दिल्ली-06 पर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुरेश बिंदल की अध्यक्षता में बढ़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

महामंत्री ने सदन को सूचित किया कि अधिवेशन के लिए आवश्यक कोरम की अनिवार्यता पूरी हो गई है, और हमारी मुख्यअतिथि और अन्य अतिथिगण थोड़ी ही देर में यहां पधारेंगे यदि आप सभी अनुमति दें तो अधिवेशन का जो कार्यकारी सत्र है उसकी कार्यवाही पूरी कर ली जाये उपस्थित सदस्यों ने सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान की।

महामंत्री श्री विनोद शर्मा ने गत अधिवेशन, 4 मार्च, 2016 की कार्यवाही सदन में पढ़कर सुनाई जो सदस्यों ने एक मत से स्वीकार की।

महामंत्री ने अपना 2015-16 वार्षिक प्रतिवेदन व लेखा सदन में प्रस्तुत किया। जो सभी सदस्यों ने ध्वनी मत से स्वीकार किया। इस अवसर पर 1. चांदनी चौक को प्रशासन की कुटिल दृष्टि से बचाया जाये, 2. चांदनी चौक में हो एकतरफा यातायात, 3. चांदनी चौक में पार्किंग समस्या, 4. ग्राहक को लुभाकर ठगने वाले दलालों पर लगे अंकुश विषय पर प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार कर पारित किया गया।

**उद्घाटन सत्र :** अधिवेशन के उद्घाटनकर्ता, श्री राम निवास गोयल, ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर 123 वें वार्षिक अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन किया श्री अजय टम्टा, केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री श्रीमति अल्का लाम्बा, क्षेत्रीय विधायिका, श्री सुमन गुप्ता जिला अध्यक्ष भा.ज.पा. चांदनी चौक, श्री बृजेश गोयल संयोजक आप.पा. ट्रेडविंग, अध्यक्ष श्री सुरेश बिंदल, महामंत्री श्री विनोद शर्मा, प्रधान सलाहकार समिति के चेयरमैन श्री सुभाष गोयल ने भी दीप प्रज्जवल में भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अजय टम्टा, केन्द्रीय कपड़ा राज्य मंत्री, उद्घाटनकर्ता श्री राम निवास गोयल अध्यक्ष विधान सभा, विशिष्ट अतिथि श्रीमति अल्का लाम्बा, क्षेत्रीय विधायिका, सम्मानित अतिथि श्री सुमन गुप्ता, जिला अध्यक्ष भा.ज.पा. चांदनी चौक, श्री मो. उस्मान अध्यक्ष चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी, श्री बृजेश गोयल संयोजक आप.पा. ट्रेडविंग, विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं प्रतिनिधियों गणमान्य अतिथियों व्यापारिक नेताओं व सम्मानित सदस्यों ने पधारकर अधिवेशन की शोभा बढ़ाई।

श्री राजेश मल्होत्रा व श्री सुरेश बिंदल द्वारा श्री अजय टम्टा, श्री सुभाष गोयल द्वारा श्री राम निवास गोयल, श्री मुकेश सचदेवा द्वारा श्री मो. उस्मान, श्री विनोद शर्मा द्वारा पूर्व पार्षद श्री बृज मोहन शर्मा, श्री संतोष ग्रोवर धर्मपत्नी श्री चन्द्रमोहन ग्रोवर द्वारा श्रीमति अल्का लाम्बा, श्री जय नारायण बसंल द्वारा श्री सुमन गुप्ता, श्री राजेन्द्रपाल सिंह द्वारा श्री बृजेश गोयल को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

श्री सुरेश बिंदल अध्यक्ष, ने अतिथियों व उपस्थित सदस्यों के प्रति स्वागत शब्द व्यक्त करते हुए वर्ष 1973 से एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर रहकर किये गये अपने कार्य अनुभवों को बताते हुए वर्ष 2016-18 के लिए नवनिर्वाचित टीम को अपनी शुभकामनाएं दी, और एसोसिएशन की परंपरागत पंच

प्रणाली द्वारा व्यापारिक विवादों को निपटाये जाने को एक उत्कृष्ट उदाहरण बताकर सराहना की।

कपड़ा व्यापार-उद्योग के उत्थान के लिए, सरकार द्वारा दी जा रही टफ स्कीम की सब्सिडी का कुछ उद्यामी अनुचित लाभ लेकर स्वयं कपड़ा ना बनाकर अपने नाम से चाईना में कपड़ा तैयार करवाकर उसे हिन्दुस्तान में मंगवाकर हमारे कामगारों की रोजी-रोटी, छीनकर देश को आर्थिक नुक्सान पहुंचा रहे है, जिसका आंकड़ा लगभग 25 हजार करोड़ रूपये है ऐसे उद्यमियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

श्री बिंदल ने कहा सरकार द्वारा देश के एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए आयोजित प्रदर्शनी में देश के बाहर से उद्यमियों को बुलाया जाता है और उनका समस्त रहन सहन खर्च सरकार वहन करती है परन्तु भारतीय, कपड़ा व्यापार को ऐसे आयोजनों से दूर रखा जाता है आज विश्व में 22 मीटर कपड़ा प्रतिव्यक्ति प्रतिवर्ष उपभोग किया जाता है और भारत में प्रतिव्यक्ति औसत केवल 3 मीटर ही है, हमारा निवेदन है कि देश के आंतरिक व्यापार बढ़ाने की ओर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

वर्ष 1956 के बाद कपड़े पर किसी प्रकार का कोई सेल्स टैक्स/वैट टैक्स नहीं था। परन्तु जी.एस.टी (वस्तु एवं सेवा कर) आने से हमारे ऊपर एक नया कर लग जायेगा। कपड़ा व्यापार को इससे मुक्त रखा जाये। दिल्ली सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 के लिए प्रस्तुत बजट में कपड़े पर वैट लगा दिया गया था, एसोसिएशन के नेतृत्व में व्यापारियों ने सरकार के समक्ष इसे हटाने के लिए अपना पक्ष रखा जिसके पश्चात दिल्ली सरकार ने कपड़े से वैट को वापिस ले लिया इस कार्य में श्री राम निवास गोयल, अध्यक्ष विधान सभा, और श्रीमति अल्का लाम्बा विधायिका ने सराहनीय भूमिका निभाई। हमारा कहना है कि देश में कपड़े व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इसे किसी भी प्रकार के कर से मुक्त रखा जाये।

चांदनी चौक में पार्किंग की समस्या का कोई कारगर उपाय नहीं हो रहा है, यहां तक कि कपड़ा मण्डी में कार्यरत कर्मचारी सड़क के बीचों-बीच रेलिंग पर अपनी साईकिल खड़ी करते है, लगभग 70 साल बाद उपराज्यपाल महोदय ने गांधी ग्राउण्ड मार्किंग का लेंड यूज बदल दिया है, जिसके पश्चात इसे मल्टी स्टोरी पार्किट के रूप में बदलने का रास्ता साफ हो गया है। अतः गांधी ग्राउण्ड पार्किंग को मल्टी स्टोरी पार्किंग के रूप में बदलकर पार्किंग की समस्या का हल निकाला जाये।

हमारा राष्ट्र हित सर्वोपरि है, जन-जन में राष्ट्र हित की भावना जागृत हो हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शिखर पर लहराता रहे, इस भावना का मूर्त रूप देने के लिए दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्कन्टाइल एसोसिएशन द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ दिनांक 09 अगस्त, 2016 स्वामी श्रृद्धानन्द वाटिका टाउन हॉल, दिल्ली-06 पर हमारी राष्ट्रीय आन बान शान का प्रतीत तिरंगा प्रतिष्ठापित किया गया। इस कार्य योजना को फलीभूत करने हेतु 50 दिन से भी बहुत कम समय में सारी औपचारिकताएं और कार्यो को सम्पन्न किया गया, दिनांक 30/06/2016 एन.डी.एम.सी. ने स्वीकृति प्रदान की आयुक्त श्री पी.के गुप्ता, की महत्वपूर्ण भूमिका और श्री सुभाष गोयल जी का बहुत बड़ा योगदान रहा, हम हृदय की गहराईयों से उनका अभिनन्दन करते है।

व्यापारी केवल व्यापार ही नहीं करते अपितु अपने सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति के लिए भी तत्पर रहते है। आज समस्त भारत वर्ष में अनकों स्कूल-संस्थान औषद्यालय व्यापारियों द्वारा संचालित है रामजस फाउंडेशन की स्थापना भी कपड़े के व्यापारियों द्वारा ही की गई थी। एसोसिएशन की स्थापना के समकालीन मारवाड़ी धर्मशाला जोगीवाड़ा, की स्थापना भी समाज के कार्यो एवं दिसावर से आने वाले व्यापारियों को ठहरने की सुविधा एवं सामाजिक कार्यो को सम्पन्न करने हेतु की गई थी, जहां

आज रूपये 600 में वातानुकूलित कक्ष, समस्त अन्य सुविधाओं के साथ मामूली से शुल्क पर उपलब्ध होता है, यहां वरिष्ठ व्यक्तियों को ऊपरी मंजिल पर आने-जाने की सुविधा हेतु लिफ्ट लगवाने के लिए एसोसिएशन द्वारा अनुदान दिया गया है, सदन ने तालियां बजाकर इस घोषणा का स्वागत किया।

वहीं एसोसिएशन द्वारा एक वैबसाईट भी संचालित है जहां एसोसिएशन से संबंधित सभी सूचना व जानकारी के साथ एसोसिएशन का इतिहास उपलब्ध है, साथ ही साथ सदस्यों की जानकारी और सूचना के लिए एसोसिएशन द्वारा एक पाक्षिक बुलेटिन का भी निर्वाद रूप से प्रकाशन किया जा रहा है।

**उद्घाटनकर्ता श्री राम निवास गोयल द्वारा सम्बोधन :** उपस्थित जन समूह को महालक्ष्मी के पुत्र-पुत्री संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी एक व्यापारी हूं, आज व्यापारी की जो स्थिति है उसे मैं भली भांति समझता हूँ, आजादी के 70 साल बाद भी व्यापारी को शंका की दृष्टि से देखा जाता है। जब चुनाव आता है, तो सबकी निगाह व्यापारियों की जेब पर होती है और चुनाव खत्म होने पर सबकुछ खत्म हो जाता है।

सरकार केन्द्रीय कर्मचारी व अन्य वर्गो के उत्थान के विषय में सोचती है और योजनाएं बनाती है, पेंशन इत्यादि देती है परन्तु व्यापारी जिससे वैट टैक्स, सेल्स टैक्स, इंकम टैक्स, तरह-तरह के टैक्स वसूलती है, उसके लिए कुछ नहीं करती है। यदि इस टैक्स की राशि का एक प्रतिशत हिस्सा भी व्यापारी के नाम का अलग अकाउंट बनाकर उसमें रख दे और 40 साल के बाद जब अपने कारोबार से रिटायर हो, तो उसे वह राशि ब्याज सहित एक मुश्त मिल जाये तो क्या ही अच्छा होगा ?

चाईना उत्पादित वस्तुओं की भारत में हो रही खपत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश का पैसा बाहर जा रहा है। क्या हमारे पास टैक्नोलोजी या संसाधन की कमी है ? कमी है तो केवल इच्छाशक्ति की, हमें इन वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए और इन पर पाबंदी अवश्य लगाई जायेगी। दिल्ली का दिल वॉल्ड सिटी क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं से भली भांति परिचित हूँ, और में व्यापारियों को मुक्त रूप से व्यापार करने देने के पक्ष में हूँ, जिससे वह चाईना को धूल चटाये, और सरकार का खजाना भी भरे, परन्तु इंस्पेक्टर राज जो हमारे तंत्र को खोखला कर रहा है, और व्यापारी की परिस्थिति कोई समझने वाला नही है। व्यापारी दुकान पर बैठा बाट जोह रहा है कि ग्राहक आयेगा, ऐसी अनेकों बंदिशे हैं व्यापारी तो घड़ी के उस पैंडुलम की भांति है जो यहां से वहां झूल रहा है, इन सबके बावजूद भी व्यापारी अपना व्यापार भी कर रहा है और देश की आर्थिक मजबूती में योगदान दे रहा है। देश में व्यापारी की स्थिति और व्यापारी द्वारा देश हित में किये जाने वाले कार्यो को समीक्षा रूप में, रखते हुए, श्री गोयल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

**मुख्य अतिथि श्री अजय टम्टा द्वारा आर्शीवचन :** जीवन की तीन मूल आवश्यकताओं में रोटी, कपड़ा, और मकान में सबसे महत्वपूर्ण कपड़ा, और कपड़ा व्यापार की 123 वर्षीय प्राचीनतम संस्था के अधिवेशन में भाग लेना मेरे लिए सौभाग्य जैसा है। मुझे दो बार उत्तराखण्ड में सांसद के रूप में कार्य करने का अवसर मिला, यह पहला अवसर है जब मुझे कपड़ा मंत्रालय का कार्यभार मिला है।

कपड़ा स्वयं अपने आप में एक क्रांति है, एक समय था जब भारत का परचम सारे विश्व में लहराता था और भारत में दूध की नदियां बहती थी, परन्तु परिस्थिति बदली और आज यह लुप्त प्रायः सा है , ईस्ट इंडिया कंपनी भी व्यापार की टोह लेते हुए हमारे देश में आई और धीरे-धीरे हमारे व्यापार को कब्जा कर हमें गुलाम बना दिया। सम्भवतः उस समय हमारे पास ऐसी तकनीक या संसाधन ना हो, इसलिए अंग्रेजों

ने हमारी इस कमी का लाभ उठाया, परन्तु जब आजादी का बिगुल बजा, कपड़ा व्यापारियों ने भी विदेशी कपड़े का बहिष्कार कर बापू के आह्वान पर विदेशी कपड़ों की होली जलाई, हतकरघा, तकली और चरखा हमारी आजादी से जुड़ा हुआ है, कपड़ा हमारे तन ढकने के काम आता है, स्वतंत्रता संग्राम के समय, कपड़ा व्यापारियों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई परन्तु आज परिस्थिति विपरीत है, यदि हम टफ स्कीम का लाभ ले रहे है तो हमारा देश के प्रति भी कुछ दायित्व भी बनता है यदि हम अपने दायित्व का निर्वाह नहीं करते है तो सरकार हम पर सख्ती करेगी।

कृषि प्रधान इस देश में कृषि का स्थान सबसे पहला है, उसके बाद कपड़ा जो देश में सबसे अधिक रोजगार साढ़े चार करोड़ लोगों को काम का अवसर देता है, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल में यदि भारत के व्यापारियों को स्थान नहीं दिया जाता तो यह निराशाजनक है में इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान दूंगा, जहां तक हैण्डलूम का विषय है तो इस क्षेत्र का भी प्रमोशन अति आवश्यक है, बनारस के बनुकरों का भी उद्धार हो मैं स्वयं व स्मृति ईरानी जी ने हैण्डलूम प्रमोशन और इसके अपग्रेडेशन और सुविधाओं के लिए बनारस जाकर एक कार्यशाला में भी भाग लिया और सारी स्थिति को समझा है।

श्री टम्टा में एसोसिएशन की पंच प्रणाली के विषय में बोलते हुए परस्पर विवाद के निपटान में इसकी उपयोगिता और अनिवार्यता, की सराहना की, साथ ही साथ, एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट, का अवलोकन कर पूज्य बाबू गोविन्द बल्लव पंत और अटल बिहारी वाजपेयी, आदि आदि विभूतियों के एसोसिएशन में व्यापारियों के मध्य पधारने के इतिहास पर हर्ष व्यक्त किया।

श्री टम्टा ने अंतिम छोर पर बैठे बुनकर ओर व्यापारी के हित के लिए मिल बैठकर टैक्सटाइल पॉलिसी बनाने का आश्वासन दिया, साथ ही साथ देश में कर के ऊपर और कर भरने के स्थान पर एक समान कर व्यवस्था, वस्तु एवं सेवा कर को एक अच्छा विकल्प बताते हुए इस कर व्यवस्था को एक ऐतिहासिक क्रांति बताया, उन्होंने सभी को आश्वसान दिया कि कोई भी सुझाव व समस्या आपके मन मे हो तो आप बे झिझक मुझसे सम्पर्क करें, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड :** वर्ष 2016 का लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से एसोसिएशन के पूर्व प्रधान श्री चन्द्र मोहन ग्रोवर को सम्मानित किया गया, महामंत्री श्री विनोद शर्मा ने श्री चन्द्र मोहन ग्रोवर जी का जीवन परिचय पढ़कर सुनाया, श्री राम किशन शर्मा ने स्वस्ति वाचन मंत्र का उच्चारण कर श्री चन्द्र मोहन ग्रोवर जी को तिलक लगाया, अध्यक्ष श्री सुरेश बिंदल ने श्री गोवर को पुष्प माला पहनाकर, हार्दिक स्वागत किया श्री राम निवास गोयल ने श्री ग्रोवर को शॉल पहनाया, व श्री अजय टम्टा, श्री सुभाष गोयल, श्रीमति अल्का लाम्बा, श्री बृजेश गोयल, उपस्थित सदस्यों की तालियों की गड़-गड़ाहट के बीच श्री चन्द्र मोहन गोवर को, लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एच.एन. कुमार ने श्री ग्रोवर जी को अपनी शुभकामनाएं दी व श्री तिलक राज कपूर पूर्व प्रधान ने श्री चन्द्र मोहन ग्रोवर के प्रति अपने शुभकामना शब्द कहे, श्री मोहन लाल डाबर ने श्री ग्रोवर को एक शॉल पहनाकर अपनी शुभकामनाएं दी। डॉ सेठी चेयरमैन हार्ट एण्ड लंग इंस्टियूट, ने श्री गोवर को अपना प्रिय मित्र बताते हुए उन्हें यह सम्मान मिलने पर हर्ष व्यक्त किया और अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री ग्रोवर ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को व्यक्त करते हुए मर्कन्टाइल की प्रतिष्ठा और कार्य का उल्लेख लिया और सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री बद्री प्रसाद गोयल, मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्कन्टाइल एसोसिएशन के वर्ष 2016-18 के लिए निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के नामों की घोषणा की और सभी को चुनाव आयुक्त समिति की ओर से अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ-साथ घोषणा की कि नव निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यसमिति का शपथ ग्रहण समारोह, शुक्रवार दिनांक 19 अगस्त,2016 को सायंकाल नेशनल क्लब, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया है। कृपया आप सभी सदस्यगण इस समारोह में अवश्य पधारे।

कक्षा 10वी व 12वीं में बोर्ड की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को एसोसिएशन की ओर से पूर्व वर्षो की भांति प्रशस्ति पत्र एवं उनके उत्साह वर्धन के लिए रूपये 21,00 का चैक प्रदान किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के प्रति शुभकामनाएं दी गई।

अधिवेशन में सबसे पहले पहुंचने वाले प्रथम 125 सदस्यों के मध्य लॉटरी द्वारा लक्की ड्रॉ निकाल कर मै० एस.एम.वी. एजेंसीज प्रा. लि.,की ओर से प्रथम पुरस्कार रेमण्डी सूट लंथ मै. रिद्धी सिद्धी टैक्सटाईल्स, मै० ग्राहक सृजक एजेंसीज प्रा. लि. की ओर से द्वितीय पुरस्कार लिलन वॉग सफारी लेंथ मै. लच्छू मल संत राम, को व मै० अप्सरा फैब, मालीवाड़ा दिल्ली-06 की ओर से तृतीय पुरस्कार रूपये पांच हजार का साड़ी गिफ्ट कूपन मै. नेशनल ट्रेडिंग कंपनी को दिया गया।

राष्ट्रीय गान व सभी को धन्यवाद देने के पश्चात 123वां वार्षिक अधिवेशन गणमान्य अतिथियों और सम्मानित सदस्यों की गौरवमयी उपस्थिति में सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।